हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 28 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 26.6 डिग्री
न्यूनतम 12.5 डिग्री

13 चंद्रशेखर आजाद राष्ट्रीय आंदोलन के महानायक...

14 एमडीयू डैफेटेरिया राष्ट्रपति भवन पर्पल फेस्ट...

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने एक नई अंगड़ाई ली : कैप्टन अभिमन्यु

■ चिन्योट कॉलोनी में जनसभा को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा है कि लोकतंत्र के महा पर्व पर दो मार्च को अपने नगर की सरकार चुनने का आपका अधिकार है। पार्षद और मेयर चुनने का फैसला जनता को करना है। मैं भाजपा का कार्यकर्ता होने के नाते आपसे आग्रह करता हूं कि आप कमल के फूल को विजयी बनाएं। वे बृहस्पतिवार को भाजपा के मेयर पद के प्रत्याशी रामअवतार वाल्मीकि के समर्थन में चिन्योट कॉलोनी में जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे।

भाजपा मेयर पद के प्रत्याशी रामअवतार वाल्मीकि के लिए किया प्रचार


रोहतक। चिन्योट कॉलोनी में जनसभा को सम्बोधित करते पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु।

भारत के अंदर नया स्वाभिमान जागा

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि आज पूरे देश में एक वातावरण बना है। भारत के अंदर एक नया स्वाभिमान जागा है। भारत हर क्षेत्र में विकास में दुनिया में आगे बढ़ रहा है। युवाओं में उत्साह और उमंग देखा जा रहा है। दुनिया भर में बैठे हुए भारतीय दिल्ली में बैठे नरेंद्र मोदी रूपी शेर को देखते हैं तो उनका सिर गर्व से उंचा हो जाता है। उन्होंने कहा आज भारत की टीम लाहौर में मैच न भी खेल रही हो तो वहां भी तिरंगा लहराया जाता है। यह नया भारत है। उन्होंने कहा 11 वां वर्ष चल रहा है। मोदी के नेतृत्व में भारत ने एक नई अंगड़ाई ली। जब मौन प्रधानमंत्री के कार्यकाल में पूरा देश ऐसे जकड़ गया था तो कोई निर्णय नहीं हो रहा था, कोई नीति नहीं बन रही थी तो 2014 में नरेंद्र मोदी को जनादेश मिला। उन्होंने न केवल विकास की धारा को आगे बढ़ाया बल्कि भारत के इतिहास में सनातन संस्कृति में जो नई गौरव की अनुभूति पैदा करने का काम किया है आने वाली पीढ़ी दुनिया के सामने सिर उठाकर बात करेगी।

रोहतक। जनसभा में मौजूद आमजन एवं कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

विपक्ष ने मैदान छोड़ा

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि जब 370 हटाने की बात आई तो कांग्रेस ने कहा था कि आग से मत खेलो। लेकिन अमित शाह ने 370 का प्रस्ताव पास किया तो श्रीनगर के लाल चौक पर हजारों लोग तिरंगे लेकर राष्ट्रगान गा रहे थे। उन्होंने कहा विपक्ष ने मैदान छोड़ दिया है। उन्होंने कहा हरियाणा को जलाने वाले जो रोहतक में व्यापारियों की दुकानों में आग लगने पर राजनीति कर रहे थे, आज उनको पता चल गया है, वे रोहतक मेयर चुनाव में वोट मांगने नहीं आ रहे। उन्हें पता चल गया है कि ढोल की पोल खुल चुकी है। विधानसभा चुनाव में लोगों की आंखों पर पट्टी डालकर कुछ सीटें ले ली। आखिरी दांव में वे चूक गए, अब उनकी दाल नहीं गलने वाली। उन्होंने कहा रोहतक की 36 बिरादरी उनसे दूर हो चुकी है। उन्होंने कहा रामअवतार वाल्मीकि ने बहुत संघर्ष किया है। उन्होंने कहा जब भी वह इस क्षेत्र में आते हैं तो उन्हें लगता है कि वह अपनी बचपन की गलियों में आए हैं। उन्हें यहां पूरा स्नेह मिलता है। उनके साथ मेयर पद के उम्मीदवार रामअवतार वाल्मीकि ने भी अपने लिए वोट की अपील की। इस दौरान वार्ड 15 से भाजपा पार्षद पद की प्रत्याशी अनिता मिगलानी सहित कार्यक्रम के आयोजक भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री एडवोकेट प्रवीण नारंग, अशोक पचड़ा, अनिल मिगलानी, रिंकू कपूर, सुनील शर्मा, सुनील कौशिक, मनोज नारंग, शिव चरण शर्मा, कालू आहुजा आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

मदविः एक को अंतर राष्ट्रीय सेमिनार

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का सांख्यिकी विभाग 1 मार्च को- स्टैटिसटिकल फ्रंटियर्स इन डाटा साइंस विषय पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन करेगा। सांख्यिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. एस.एस. मलिक ने बताया कि इंडियन एसोसिएशन फॉर रिलायबिलिटी एंड स्टैटिसटिक्स के सहयोग से आयोजित यह अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार सांख्यिकी विभाग के सेमिनार हॉल में प्रातः 9.0 बजे से प्रारंभ होगा।

री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने दिसंबर 2024 में आयोजित बीसीए प्रथम सेमेस्टर री-अपीयर, बीसीए पांचवें सेमेस्टर रेगुलर व री-अपीयर, बीसीए छठे सेमेस्टर री-अपीयर तथा बीएड दूसरे वर्ष री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है।एसोसिएट कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

युवक को अवैध शराब सहित किया गिरफ्तार

रोहतक। पुलिस की टीम ने दौराने गश्त युवक को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। युवक के पास से 12 बोतल, 18 अध्धे व 19 पव्वे शराब बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। थाना पुरानी सब्जी मंडी निरीक्षक रविन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस चौकी किला रोड की टीम कसाईवाला चौक के पास गश्त पर थी। चमेली मार्केट मे दुकान के पास खड़े युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। गौरव निवासी बाबरा मोहल्ला को गिरफ्तार किया गया है। युवक के पास से 12 बोतल, 18 अध्धे व 19 पव्वे शराब बरामद हुई है। उसका पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा है।

निकाय चुनावः 2 को सुबह 7 से सांय 6 बजे तक मतदान, 12 को मतगणना

आज शाम 6 बजे थम जाएगा चुनावी शोरगुल, 285 मतदान केंद्र स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

नगर निगम मेयर एवं पार्षद पद पर होने वाले चुनाव के लिए 28 फरवरी को सांय 6 बजे चुनाव प्रचार बंद हो जाएगा। 2 मार्च को सुबह 7 बजे से सांय 6 बजे तक रोहतक और कलानौर नगर पालिका में मतदान होगा। मतगणना का कार्य 12 मार्च को सुबह 8 बजे शुरू होगा तथा मतगणना संपन्न होते ही चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा निकाय चुनाव को शांतिपूर्वक एवं पारदर्शी तरीके से संपन्ने करवाने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। चुनाव में तैनात मतदान पार्टियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नगर निगम आम चुनाव में 3 लाख 19 हजार 210 मतदाता मतदान करेंगे। चुनाव के लिए 285 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं।

3 लाख 19 हजार 210 मतदाता करेंगे मतदान

नगर निगम आम चुनाव की निर्वाचन अधिकारी एवं क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की सचिव मेजर गायत्री अहलावत ने कहा है कि नगर निगम के सभी 22 वार्डों में 3 लाख 19 हजार 210 मतदाता है। इन मतदाताओं में से एक लाख 65 हजार 856 पुरुष, एक लाख 53 हजार 350 महिला तथा 4 किन्नर मतदाता हैं। निगम के आम चुनाव के लिए 22 वार्डों में 285 मतदान केंद्र स्थापित किए गए है। इन मतदान केंद्रों में से 49 मतदान केंद्रों को संवेदनशील तथा 19 मतदान केंद्रों को अति संवेदनशील घोषित किया गया है। केंद्रों पर सुरक्षा के अतिरिक्त प्रबंध किए जाएंगे।

निगम आम चुनाव के लिए मतदान पार्टियों को दिया प्रशिक्षण

चुनाव प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी एवं महम सहकारी चीनी मिल के प्रबंधन निदेशक मुकुंद तंवर ने स्थानीय महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय स्थित टैगोर सभागार में नगर निगम चुनाव के लिए नियुक्त की गई मतदान पार्टियों को आवश्यक हिदायतें दी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सैक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए है, जो संबंधित मतदान केंद्रों पर सुविधाओं इत्यादि की जांच करेंगे। मतदान पार्टियों को एक मार्च को ईवीएम की ट्रेनिंग के बाद चुनाव सामग्री वितरित कर मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जाएगा। सभी पीठासीन अधिकारियों को हेंडबुक दी गई है। सभी पीठासीन अधिकारी चुनाव आयोग द्वारा उपलब्ध करवाई गई हेंडबुक को ध्यान से पढ़े तथा इसकी हिदायतों का पालन करें।

मतदान केंद्रों की जांच करें

उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारी व वैकल्पिक पीठासीन अधिकारी अपने मतदान केंद्रों पर पहुंच कर मतदान केंद्र की पूर्ण रूप से जांच करें तथा यदि किसी प्रकार की कमी नजर आए तो तुरंत संबंधित अधिकारी से बात कर उसे पूर्ण करवाएं। वोटर स्लिप पर किसी प्रकार का चुनाव चिन्ह अंकित नहीं होना चाहिए। मतदान केंद्र में कोई भी प्रत्याशी चुनाव प्रचार नहीं कर सकेगा। मतदान के दौरान निर्धारित अवधि पर मतदान प्रतिशत आदि की सटीक जानकारी उपलब्ध करवाएं। मतदान पार्टियों को चुनाव तहसीलार सरला ने चुनाव आयोग की अन्य हिदायतों बारे जानकारी दी तथा मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान पार्टियों को इलेक्ट्रोनिक वॉटिंग मशीन की कार्य प्रणाली का डेमो दिया।

निडर होकर करें मतदान

नगर निगम तथा कलानौर नगरपालिका के मतदाताओं का आह्वान किया है कि वे लोकतंत्र की मजबूती के लिए निकाय चुनाव में बिना किसी प्रलोबन बढ़-चढ़कर

मताधिकार का प्रयोग करें। जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। सभी मतदाता निडर होकर अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करें। मतदान केंद्रों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था भी होगी तथा सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

धीरेंद्र खड़गटा, जिला उपायुक्त

कलानौर नपा के 16 वार्डों में 17548 है मतदाता : फौगाट

कलानौर नगर पालिका आम चुनाव के निर्वाचन अधिकारी एवं महम के उपमंडलाधीश दलबीर फौगाट ने बताया कि कलानौर नगर पालिका में 16 वार्ड है। नगर पालिका आम चुनाव के तहत 2 मार्च को नगर पालिका के 17548 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इनमें से 9248 पुरुष, 8299 महिला एवं एक किन्नर मतदाता है। आम चुनाव के लिए 16 मतदान केंद्र स्थापित किए गए है। सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है। मतदान पार्टियों को कलानौर स्थित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में प्रशिक्षण दिलवाया जा रहा है।

बार एसोसिशन में मतदान आज, शाम को ही नतीजे

जिला प्रशासन की तरफ से ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल तैनात रहेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जिला बार एसोसिएशन में शुक्रवार को प्रधान सहित अन्य पदों के लिए मतदान किया जाएगा। शाम को नतीजे घोषित किए जाएंगे। चुनाव अधिकारी प्रदीप मलिक ने बताया कि गुरुवार को ईवीएम की ट्रेनिंग दी गई है। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुबह से शाम तक मतदान होगा। इसके बाद रिजल्ट घोषित किया जाएगा। प्रशासन की तरफ से ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल तैनात रहेगा। तीन बूथ बनाए गए हैं। जहां पांच-पांच ईवीएम रखी जाएंगी। इसके अलावा आधार कार्ड स्कैनर रखा जाएगा।

इनमें होगा मुकाबला

प्रधान पद पर दीपक हुड्डा और अरविंद श्योराण में कड़ा मुकाबला है। उप प्रधान पद के लिए सुशीला देवी, संदीप खत्री, अभीजीत चौधरी और अजय ओहल्यान मैदान में हैं। महासचिव पद के लिए हर्षवर्धन मलिक, कर्ण नारंग, राजकर्ण पंघाल में मुकाबला है। संयुक्त सचिव के लिए साक्षी लांबा, डिंपल और ज्योति चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि लाइब्रेरी इंचार्ज के लिए अनिल कुमार, मंजीत सिंह और अशोक कुमार और साहिल चुनाव लड़ रहे हैं।

■ जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा ने जारी किए आदेश

बार एसोसिएशन चुनाव को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

रोहतक। जिलाधीश धीरेंद्र खडगटा ने जिला बार एसोसिएशन तथा महम बार एसोसिएशन के चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए है। महम बार एसोसिएशन के चुनाव के दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कुमार ऑवर ऑल इंचार्ज होंगे। जिलाधीश द्वारा जारी आदेश के तहत स्थानीय जिला बार एसोसिएशन न्यायिक परिसर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए रोहतक के तहसीलदार राजेश कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है तथा महम स्थित न्यायिक परिसर बार एसोसिएशन के लिए महम के नायब तहसीलदार राहुल कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगाया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ महिला पुलिस सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा तथा पुलिस बल के प्रभारी निरंतर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के संपर्क में रहेंगे।

इन्हें दी गई जिम्मेदारी

दूसरे आदेश के तहत जिला की तहसील सांपला के गांव कारौर में चौपाल के निर्माण कार्य के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सांपला के नायब तहसीलदार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। तीसरे आदेश के तहत रोहतक तहसील की खेवट संख्या 3625 खतौनी संख्या 5339 खसरा संख्या 16074/608 एरिया 16 बिस्वा वाका मौजा भूमि की निशानदेही के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए रोहतक के तहसीलदार राजेश कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। चौथे आदेश के तहत न्यू मुंद्रा पानीपत कच्चा तेल पाइप लाइन प्रोजेक्ट के तहत डाली जा रही भूमिगत पाइप लाइन का कार्य संपन्न होने तक कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए है। सीसर खास, महम ग्रामीण, बहलबा, शेखपुर तीतरी एवं भराण गांव में पाइप लाइन डालने के दौरान महम के नायब तहसीलदार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगाया गया है तथा निंदाना, बैंसी, खरक जाटान, लाखनमाजरा एवं नांदल गांव में भूमिगत पाइप लाइन डालने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लाखनमाजरा के नायब तहसीलदार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। ड्यूटी मजिस्ट्रेट भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 द्वारा प्रदत्त कार्यकारी मजिस्ट्रेट की शक्तियों का प्रयोग करेंगे। संबंधित विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि संबंधित भूमि पर किसी न्यायालय का स्टे, स्टेटस-को आदेश पारित न हो तथा सभी कार्य नियमानुसार होंगे।

पुलिस ने मुठभेड़ मामले में दो आरोपी किए गिरफ्तार

रोहतक। सीआईए टू की टीम के साथ हुए मुठभेड़ मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनसे पूछताछ की जा रही है। थाना आईएमटी निरीक्षक महेश कुमार ने बताया कि 17 फरवरी को सीआईए-2 स्टाफ की टीम आईएमटी रोहतक गश्त में मौजूद थी। सूचना पर आईएमटी क्षेत्र से आउटर बाईपास की तरफ से आ रही गाड़ी को रोकने का ईशारा किया। चालक ने भागने का प्रयास किया व पुलिस की गाड़ी में टक्कर मारकर भागने लगे। गाड़ी डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त होकर बंद हो गई। गाड़ी से 3 युवक हथियारों सहित बाहर निकले। युवकों ने पुलिस पर फॉयर करने शुरु कर दिए। फॉयरिंग में दो गोली एसआई सतीश व एक गोली एएसआई दिनेश की बुलेट प्रूफ जैकट में लगी। सीआईए-2 टीम ने युवकों की तरफ हवाई फायर किए व सरेंडर करने को कहा लेकिन तीनों पुलिस टीम की तरफ फायर करते रहे व झाड़ियों की तरफ भागने लगे।

आपराधिक रिकॉर्ड

पुलिस टीम ने तीनों पर सेल्फ़ डिफ़ेंस मे फॉयर करते हुए काबू किया गया था। इनकी पहचान संदीप निवासी सिलाना सोनीपत हाल विवेकानंद नगर बहादुरगढ़, नरेश निवासी छोटूराम कॉलोनी, अनुराग निवासी प्रीत विहार कॉलोनी के रुप में हुई। तीनों आरोपी गोली लगने से घायल हो गए। गाड़ी में बैठे गाड़ी चालक की पहचान नितिन निवासी भालौठ जिला रोहतक के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा संदीप, नरेश, अनुराग को तुरंत ईलाज के लिए पीजीआईएमएस रोहतक में दाखिल कराया गया। मामले की जांच के बाद आरोपी नितिन को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपियों के अस्पताल से डिस्चार्ज होने पर संदीप व नरेश को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियो को पेश अदालत किया गया। आरोपियों का पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा है।

गांव में पहुंचने पर सरपंच कश्मीरी देवी के नेतृत्व में ग्रामीणों और स्कूली बच्चों ने भव्य स्वागत किया

ठेठ हरियाणवी अंदाज में किए गए स्वागत से खुशी से गदगद हुआ सरपंचों का प्रतिनिधिमंडल

गांव लाहली में पंजाब के तीस गांव के सरपंचों के प्रतिनिधि ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान नीलोखेड़ी (करनाल) के तहत पंजाब से करीब 30 गांवों के सरपंचों ने वीरवार को गांव लाहली का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गांव में ग्राम पंचायत द्वारा स्वच्छता पर कार्य, ठोस तरल कचरा प्रबंधन और अन्य विकास कार्यों का जायजा लिया।

गांव में पहुंचने पर सरपंच कश्मीरी देवी के नेतृत्व में ग्रामीणों और स्कूली बच्चों द्वारा पंजाब से पहुंचे सरपंचों और नीलोखेड़ी संस्थान के अधिकारियों का फूल-मालाओं और ढोल बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों द्वारा ठेठ हरियाणवी अंदाज में किए गए स्वागत से सरपंचों का प्रतिनिधिमंडल खुशी से गदगद हुआ। वहीं दूसरी और संस्थान के अधिकारियों और सरपंचों के प्रतिनिधि मंडल ने गांव में किए गए विकास कार्यों की खूब सराहना की।

सरपंचों ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

नीलोखेड़ी संस्थान से निदेशक डॉ. वजीर सिंह दूहन ने कहा कि हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान का उद्देश्य है कि दूसरे प्रांतों के सरपंच हमारे प्रदेश का दौरा करें और गांवों में करवाए जा रहे विकास कार्यों का अवलोकन करें। इसके साथ-साथ सरपंच गांव में सरपंचों के साथ में अपने विचार साझा करें ताकि गांव का और अधिक विकास कार्य हो सके। उन्होंने कहा कि गांव का विकास ग्रामीण पर वही निर्भर करता है। इसलिए वे गांव की स्वच्छता और विकास कार्यों में अपना योगदान दें। लुधियाना जिले के ब्लॉक सुधार से बीडीपीओ जगराज सिंह ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि वे गांव में ड्रग्स की तस्करी न होने दें ताकि युवा पीढ़ी को नशे से बचाया जा सके। उन्होंने गांव की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। गांव में पहुंचने पर डॉ भीमराव अंबेडकर भवन पर ग्रामीणों द्वारा सबसे पहले प्रतिनिधिमंडल का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। सरपंचों ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने यहां पर डॉ. भीमराव अंबेडकर लाइब्रेरी, पटवार घर, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, ठोस तरल कचरा प्रबंधन और पीर बाबा अमृत सरोवर तथा वहां पर बनाए गए ओपन जिम का निरीक्षण किया। इस दौरान गांव की सरपंच ने कश्मीरी देवी ने सरपंचों के प्रतिनिधिमंडल को बताया कि उनके गांव की लाइब्रेरी में पढक़र पांच युवा सरकारी नौकरी लग चुके हैं। ग्राम पंचायत की तरफ से पंजाब से आए सरपंचों और अधिकारियों को पगड़ी पहनकर, शॉल ओढ़ाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। स्कूली छात्राओं ने सरपंचों के स्वागत में गीत प्रस्तुत किए।

यह रहे मौजूद

इस दौरान बीडीपीओ करतार सिंह, नीलोखेड़ी संस्थान से सहायक प्रोफेसर डॉ. सुशील कुमार, स्वच्छ भारत मिशन से जिला समन्वयक मंजू ग्रेवाल, खंड समन्वयक मनीषा मलिक, ग्राम सचिव राहुल मलिक, और एबीपीओ दीपक कुमार, ब्लॉक समिति चेयरमैन प्रतिनिधि नीरज यादव, गांव जिंदरान के सरपंच धर्म सिंह, गांव बसाना से सरपंच पंकज, तैमूरपुर से सरपंच नरेश गिल, रामनिवास, पटवारी वेद प्रकाश दलाल, पंच सुरेश कुमार, भगत राम, बलजीत सिंह, रविंद्र, विजयलक्ष्मी, नसीब सिंह, गीता देवी, डॉ. नफे सिंह और रामशरण मल्होत्रा सहित गांव के अनेक नागरिक मौजूद रहे।

बच्चों, तुम कहानियां, कॉमिक्स या मैग्जीस तो पढ़ते ही होगे। अगर तुम्हें ऐसी किताबें पढ़ने के साथ-साथ साइंस में भी रुचि है तो विज्ञान कथाएं यानी साइंस फिक्शन भी पढ़ो, तुम्हें खूब मजा आएगा। विज्ञान कथाएं तुम्हें रहस्य-रोमांच की एक अलग ही दुनिया में ले जाएंगी। आज साइंस-डे के मौके पर जानो, साइंस फिक्शन से जुड़ी कुछ रोचक बातें।

रहस्य-रोमांच से भरपूर साइंस फिक्शन

स्पेशल स्टोरी / शिखर चंद जैन

बच्चों, विज्ञान कथाएं यानी साइंस फिक्शन पढ़ने का अपना अलग ही रोमांच है। कहने को तो ये काल्पनिक कथाएं होती हैं, लेकिन इनमें सिर्फ ऐसी कल्पनाएं नहीं होतीं, जो बिल्कुल ही निराधार हों, इनका साकार होना संभव न हो। दुनिया में इंसान के लिए बहुत से ऐसे उपयोगी आविष्कार हुए हैं, जो विज्ञान कथाओं से प्रेरित हैं। सक्षम और अनुभवी विज्ञानकथा लेखकों ने तकनीक, फैंटेसी और भविष्य की कल्पना का ताना-बाना बुनकर ऐसी बहुत सी रोचक विज्ञान कथाएं लिखी हैं, जो पूरी दुनिया के बच्चों को ही नहीं, बड़ों को भी खूब पसंद आई हैं।

क्या हैं विज्ञान कथाएं

विज्ञान कथाएं अकसर भविष्य की कल्पना करके लिखी जाती हैं। जैसे आने वाले समय में मनुष्य कौन-सी नई तकनीक इस्तेमाल कर सकता है, यातायात, संचार, रहन-सहन और सुख-सुविधाओं के लिए कैसे उपकरणों का उपयोग किया जा सकता है? ये कहानियां वास्तविक दुनिया से बहुत अलग होती हैं। लेकिन इन्हें असंभव या सिर्फ एक कल्पना कहकर हवा में नहीं उड़ाया जा सकता। इन विज्ञान कथाओं में ग्रहों के तरह-तरह के जीवों, अंतरिक्ष में मनुष्य के सुगमता पूर्वक रहने की कल्पना की जाती है। अलग-अलग विज्ञान कथा लेखकों ने चिकित्सा की नवीनतम प्रणालियों, यातायात के अद्भुत साधन, नई संचार प्रणालियों की कल्पना बहुत पहले की है, जो आज साकार हैं।

कहां से आया 'साइंस फिक्शन' टर्म

ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी के अनुसार सबसे पहले 'साइंस फिक्शन' या 'विज्ञान कथा' शब्द का प्रयोग 1851 में हुआ था। विलियम विल्सन ने इसे अपनी संकलित कविताओं की पुस्तक 'अ लिटिल अर्नेस्ट बुक अपॉन ए ग्रेट ओल्ड सब्जेक्ट' में इस्तेमाल किया था। आधुनिक समय में 'साइंस फिक्शन' शब्द को प्रचलित करने का श्रेय ह्यूगो जर्न्स बैक को जाता है। उन्होंने 1926 में विज्ञान कथाओं की पत्रिका 'अमेजिंग स्टोरीज' शुरू की थी। 1930-40 तक 'साइंस फिक्शन' शब्द बहुत लोकप्रिय हो चुका था।

तरह-तरह की विज्ञान कथाएं

विज्ञान कथाएं यानी साइंस फिक्शन कई तरह के होते हैं। मोटे तौर पर लोग इन्हें दो शैलियों में विभाजित करते हैं- हार्ड और सॉफ्ट विज्ञान कथाएं। हार्ड साइंस फिक्शन विज्ञान सम्मत सच्चे तथ्यों और सिद्धांतों पर आधारित होती हैं। इनमें फिजिकल साइंस, एस्ट्रोलॉजी और केमिस्ट्री का प्रयोग रहता है। इनमें बताया जाता है कि आने वाले दिनों में मनुष्य कई उन्नत तकनीकें विकसित कर लेगा। कई हार्ड साइंस फिक्शन लेखक तो पेशेवर वैज्ञानिक रहे हैं। उनकी कई कल्पनाओं ने बखूबी मूर्त रूप लिया और नए आविष्कारों का आधार बनीं। सॉफ्ट साइंस फिक्शन मनोविज्ञान, पॉलिटिकल साइंस, इकोनॉमिक्स, न्यूरो साइंस और सोशियोलॉजी से आइडिया लेती हैं। ये कहानियां ज्यादातर भावनाओं और कैरेक्टर्स पर आधारित होती हैं। सामाजिक और सॉफ्ट विज्ञान कथाएं काफी हद तक काल्पनिक होती हैं। अलौकिक विज्ञान कथाओं में अद्भुत क्षमता संपन्न मनुष्यों की कल्पना और सुपरमैन जैसे पात्रों की कल्पना की जाती है। स्पेस ओपेरा में अंतरिक्ष पर दूसरे ग्रहों की दुनिया पर आधारित कहानी होती है। वहीं टाइम ट्रैवल में ऐसा कथानक बुना जाता है, जो किसी पात्र को अचानक बहुत समय बाद के कालखंड में मौजूद दिखाता है।

कई आविष्कारों की प्रेरणा हैं विज्ञान कथाएं

विज्ञान कथाएं कई उपयोगी आविष्कारों की प्रेरणा बन चुकी हैं, ऐसा खुद आविष्कारकों और वैज्ञानिकों ने स्वीकार किया है। जूल्स बर्न का विज्ञान उपन्यास 'रॉबर द कंकरर', जिसका दूसरा नाम है 'क्लिपर ऑफ द क्लाउड्स' में उड़ान भरने वाली मशीन अल्बाट्रॉस का विवरण है। इससे प्रेरित होकर अमेरिकी विशेषज्ञ आई गौर सिकोर्सकी ने हेलीकॉप्टर डिजाइन किया। रॉकेट की प्रेरणा अमेरिकी वैज्ञानिक रॉबर्ट गोडर्ड को ब्रिटिश विज्ञान कथा लेखन एचजी वेल्स की पुस्तक 'द वॉर ऑफ वर्ल्ड' से मिली। ह्यूमनायड रोबोट की प्रेरणा जापान के रोबोट विज्ञानी टोमोटाका ताकहासी को 'एस्ट्रोबॉय' कॉमिक्स से मिली। WWW यानी वर्ल्ड वाइड वेब का आइडिया ऑथर सी क्लार्क की शॉर्ट स्टोरी 'डायल एफ फॉर फ्रैंकस्टीन' से मिला, ऐसा खुद इन वैज्ञानिकों ने स्वीकार किया है। *

पहली विज्ञान कथा



दुनिया की पहली विज्ञान कथा 1616 में जर्मन लेखक जोहान वेलेंटीन एंड्रिए लिखित उपन्यास 'द केमिकल वेडिंग' को माना जाता है। इस उपन्यास की कहानी एक ऐसे व्यक्ति की है, जिसे एक पंख वाली महिला की रहस्यमयी शाही शादी में आमंत्रित किया जाता है। भारत में विज्ञान कथाओं की विधिवत शुरुआत 1896 से मानी जाती है। प्रसिद्ध वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस ने 1896 में बांग्ला भाषा में 'आगोश' और 'पलातक तूफान' के नाम से विज्ञान कथाएं लिखी थीं। कुछ लोग 1905 में रुकैया शेखावत हुसैन द्वारा लिखित 'सुल्तान का सपना' को पहली विज्ञान कथा मानते हैं, जो 'द इंडियन लेडीज' मैगजीन में छपी थी। हालांकि 1882 में विज्ञान दर्पण में हेमलाल दत्त की कहानी 'रहस्य', 1884 में पंडित अंबिका दत्त व्यास द्वारा लिखित 'आश्चर्य वृत्तांत', 1892 में जगदानंद राय द्वारा लिखित 'शुक्र भ्रमण' शुरुआती विज्ञान कथाएं मानी जाती हैं। विज्ञान कथा या साइंस फिक्शन शब्द का प्रयोग भले ही बाद में शुरू हुआ हो लेकिन विज्ञान कथाएं बहुत पहले से किसी ने किसी रूप में लिखी-पढ़ी जाती रही हैं।

स्पेस के नजारे दिखाते प्लेनेटोरियम

बच्चों, अगर तुम्हें खगोल विज्ञान मतलब कि सूर्य, चंदमा और तारों से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी चाहिए तो तारामंडल में जाकर ले सकते हो। ये तारामंडल अपने देश में कहां-कहां है? यहां जाकर तुम कैसे खगोल विज्ञान से जुड़ी जानकारी रोचक, सरल ढंग से पा सकते हो, जानो।

जानकारी

प्लेनेटोरियम को हम हिंदी में ताराघर या तारामंडल भी कहते हैं। वास्तव में यह एक ऐसा भवन होता है, जहां लोगों को खगोल विज्ञान से जुड़ी ज्ञानवर्धक जानकारियां मनोरंजक ढंग से दी जाती हैं।

ऐसा बना होता है तारामंडल: आमतौर पर तारामंडल में गुंबद के आकार की छत होती है, इसके इर्द-गिर्द दर्शकों के बैठने के लिए स्टेडियम के तरह का हॉल होता है। इस विशेष हॉल में एक प्रोजेक्टर गुंबददार छत पर उभर रही छवियों पर रोशनी डालकर उन्हें चमकाता है। इन छवियों से संबंधित जरूरी जानकारियां वहां बैठे लोगों को कमेंट्री करके दी जाती है।

कोई निश्चित आकार नहीं होता: तारामंडल का कोई निश्चित आकार नहीं होता, लेकिन जिसे दुनिया का प्लेनेटोरियम नंबर वन कहा जाता है, वह तारामंडल रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में स्थित है। इसके गुंबद का आकार 37 मीटर है।

भारत में कितने हैं तारामंडल: भारत में 30 तारामंडल हैं। इनमें चार सबसे मशहूर हैं, जो क्रमशः मुंबई, नई दिल्ली, बैंगलुरु और प्रयागराज में स्थित हैं। जहां तक देश के पहले एमपी बिड़ला ताराघर की बात है, यह सितंबर 1962 में कोलकाता में शुरू हुआ था।

देते हैं खगोलीय पिंडों की जानकारी: बच्चों, जब इन तारामंडलों में लोग अंधेरे में बैठकर गुंबद की ओर देखते हैं, तो ऐसा आभास होता है, जैसे हम किसी खुले स्थान में बैठे हुए आकाश की छटा देख रहे हों। यहां विभिन्न ग्रह-उपग्रह और तारे चलते हुए प्रतीत होते हैं। खगोलीय पिंडों के विषय में जानकारी प्रदान करने वाले ये बड़े ही उपयोगी तारामंडल हैं। इनके जरिए सूर्य, चंद्रमा और तारों की आकाश में होने वाली वार्षिक गतिविधियों को बहुत अच्छी तरह से चंद मिनटों में देखा और समझा जा सकता है।

ऐसे हैं आधुनिक तारामंडल: आधुनिक तारामंडलों (प्लेनेटोरियम) में स्लाइड दिखलाने वाले प्रोजेक्टर लगे रहते हैं। इनके द्वारा अंतरिक्ष यात्राओं और दूसरे ग्रहों पर उतरने के दृश्य भी दिखलाए जाते हैं।

बढ़ता जा रहा है महत्व: तारामंडलों का महत्व अंतरिक्ष संबंधी ज्ञान बढ़ने के साथ ही बढ़ता जा रहा है। प्रदूषण, बादल, कुहरे आदि के कारण आकाश में किसी ग्रह या तारे का पता लगाना बहुत कठिन होता है, लेकिन इन्हें हम तारामंडल में सरलता से देख सकते हैं। उनकी स्थिति, विवरण और गति आदि की पूरी जानकारी भी हमें मिल जाती है। प्लेनेटोरियम की रचना बहुत ही जटिल होती है। इसमें बहुत से लेंस, प्रिज्म और दर्पण लगे होते हैं। अमेरिका के सैनफ्रांसिस्को शहर में स्थित प्लेनेटोरियम में लगभग 25,000 छोटे-बड़े यंत्र हैं। इस प्रोजेक्टर का वजन लगभग 2.5 टन है। सबसे पहला प्लेनेटोरियम जीज ऑप्टिकल कंपनी, पूर्वी जर्मनी के वाल्टर ने 1923 में बनाया था। आज संसार के सभी देशों में बड़े-बड़े शहरों में प्लेनेटोरियम बने हुए हैं, जिनसे दर्शक अपने ज्ञान की वृद्धि करते हैं। *

प्रस्तुति : एफएमएन

तुम्हारे लिए नई किताब

समीर गांगुली

मशीनों का सत्याग्रह

बच्चों, पहले कुछ बड़े बच्चों यानी किशोर पाठकों के लिए हिंदी में स्तरीय विज्ञान कथाएं पढ़ने को कम मिलती थीं, लेकिन अब लिखी जा रही हैं। इन्हीं विज्ञान कथाओं में आया है नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित एक रोचक विज्ञान फैंटेसी उपन्यास 'मशीनों का सत्याग्रह'। इसके लेखक हैं सूर्यनाथ सिंह, जिन्हें इससे पहले 'कौतुक एप' नामक साइंस फिक्शन यानी विज्ञान कल्प कथा पर साहित्य अकादमी का बाल साहित्य पुरस्कार मिल चुका है। 'मशीनों का सत्याग्रह' में एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस युक्त रोबोट्स द्वारा संचालित और नियंत्रित भविष्य की अतिविकसित दुनिया की रोमांचक कहानी है। सोचो जरा, अगर ये इंटेलीजेंट रोबोट्स एक दिन सामूहिक रूप से विद्रोह पर उतर आएं तो दुनिया का क्या हाल होगा? उपन्यास की शुरुआत बाइसवीं सदी के पहले दिन नए वर्ष के उत्सव और उल्लास के माहौल से होती है। उस दौर के भविष्य की कल्पना बहुत ही रोचक अंदाज में करने के साथ ही उस समय के पर्यावरण की स्थिति को भी इसमें दिखाया गया है। सबसे अधिक रोमांच तो तब होता है, जब उत्सव के उस माहौल में अचानक खबर आती है कि रोबोट्स सत्याग्रह करते हुए सड़कों पर उतर आए हैं। फिर क्या होता है, जानने के लिए तुम्हें यह उपन्यास पढ़ना होगा। बच्चों, लेखक ने इस बात का ध्यान रखा है कि तुम तकनीकी शब्दावली और टेक्नोलॉजी की जटिलता में न उलझ कर एक रोमांचक कहानी का मजा लो। बच्चों, इसे तुम नेशनल बुक ट्रस्ट के पोर्टल या ऑनलाइन या फिर नेशनल बुक ट्रस्ट के किसी स्टोर से खरीद सकते हो। *

किताब: मशीनों का सत्याग्रह, **लेखक:** सूर्यनाथ सिंह, **मूल्य:**110 रुपए, **प्रकाशक:** नेशनल बुक ट्रस्ट, नई दिल्ली

जीके क्विज-143

1. किस वैज्ञानिक खोज की स्मृति में प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है?
2. किस भारतीय वैज्ञानिक ने सर्वप्रथम पता लगाया कि पेड़-पौधों में भी जीवन होता है?
3. भारत में परमाणु कार्यक्रम की शुरुआत का श्रेय किस वैज्ञानिक को जाता है?
4. किस भारतीय वैज्ञानिक को 'मिसाइल मैन' के नाम से जाना जाता है?
5. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का मुख्यालय कहां स्थित है?
6. खगोलीय वेधशाला 'जंतर मंतर' का निर्माण किस शासक ने करवाया था?
7. भारत के 26वें मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?
8. हाल ही में यूके में मानद नाइटहुड की उपाधि से किसे सम्मानित किया गया है?
9. किस भारतीय स्वाधीनता सेनानी को 'देशबंधु' के नाम से जाना जाता है?
10. 'वेदों की ओर लौटो' का नारा किसने दिया था?

बच्चों, जीके क्विज-143 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-142 का उत्तर : 1.विराट कोहली, 2.पंकज आडवाणी, 3.रेखा गुप्ता, 4.रोलेट एक्ट (1919), 5. 22 दिसंबर, 6.आर.के. नारायण, 7.विटामिन डी, 8.हाइड्रोजन, 9.नाइक्रोम, 10.आर्यभट्ट

जीके क्विज-142 का सही उत्तर देने वाले : कबीर-हिसार, रमेश-रायगढ़, रोहित-बिलासपुर, अंजना-बालोद, साकेत-दुर्ग, ज्योति-बलौदा बाजार, अंकित-रोहतक, अनिता-महासमुंद, दिव्या-महेंद्रगढ़, कशिश-भोपाल, अमन-रायपुर

विज्ञान कथा

जाकिर अली 'रजनीश'

करम के दिमाग में एक दिन आया कि क्यों न वह एक ऐसा रोबोट बनाए, जो उसका होमवर्क कर दिया करे। बाजार से सारे कल-पुर्जे मंगवा कर करम ने एक रोबोट बना भी लिया, लेकिन जब उसने रोबोट से होमवर्क के सवाल करने को कहा तो उसने कोई रेस्पॉन्स नहीं दिया। रोबोट ने करम का होमवर्क क्यों नहीं किया?

इससे तो अच्छा...



अखबार में रोबोट का विज्ञापन देखकर करम के दिमाग में एक विचार कौंधा, 'क्यों न एक ऐसा रोबोट बनाया जाए, जो मेरा होमवर्क कर दिया करे।'

यह सोचकर करम रोमांचित हो उठा। अपनी सोच को अमलीजामा पहनाने के लिए उसने कंप्यूटर की मदद ली। उसने इस विषय की किताबें खोज-खोज कर पढ़ीं। कई किताबों को पढ़ने के बाद करम को विश्वास हो गया कि वह भी रोबोट बना सकता है। मन में यह विश्वास आते ही वह अम्मी के पास पहुंचा। वह उस समय बेड पर बैठीं टीवी देख रही थीं। करम उनसे बहुत प्यार से बोला, 'अम्मीजान, मैं एक रोबोट बनाना चाहता हूं।'

'अरे वाह, यह तो बहुत अच्छी बात है!' अम्मी ने रोमांचित होकर पूछा, 'लेकिन बेटा, क्या तुम रोबोट बना पाओगे?'

'हां अम्मी, बस कुछ रुपयों की जरूरत पड़ेगी।' करम ने पूरे विश्वास के साथ जवाब दिया। 'ठीक है, लेकिन इससे तुम्हारी पढ़ाई नहीं डिस्टर्ब होनी चाहिए।' अम्मी ने आगाह किया।

'जी अम्मी, आप मुझ पर यकीन करें। मैं अपनी स्टडी बिल्कुल भी डिस्टर्ब नहीं होने दूंगा।' करम ने वादा किया। अम्मी को मालूम था कि करम धुन का पक्का है। वह जो ठान लेता है, करके ही मानता है। इसलिए उन्होंने उसे जरूरत के मुताबिक रुपए दे दिए। करम ने अम्मी का शुक्रिया अदा किया और अपने काम में लग गया।

सबसे पहले करम ने गूगल से रोबोट के कल-पुर्जे बनाने वाली दुकान का पता खोजा, फिर अपनी जरूरत का सामान ऑर्डर कर दिया। रोबोट के कल-पुर्जे वाली दुकान करम के शहर में थी। शाम तक करम का सारा सामान घर पर आ गया। करम ने अपने स्टडी रूम को प्रयोगशाला में बदल दिया और रोबोट बनाने में जुट गया। इस काम में उसे काफी मेहनत करनी पड़ी। जहां कहीं पर वह अटकता, गूगल की मदद ले लेता। इस तरह उसकी समस्या हल हो जाती। वह फिर से अपने काम में जुट जाता।

अंततः करम की मेहनत रंग लाई। उसका रोबोट तैयार हो गया। अपनी इस सफलता पर करम फूला नहीं समाया। उसने रोबोट का नाम रखा-रेंचो।

करम का रोबोट देखकर अम्मी-अब्बा गदगद हो उठे। उन्होंने दिल खोल कर करम की तारीफ की। करम ने अपने दोस्तों को घर बुला कर अपना रोबोट दिखाया। उसके सारे दोस्त भौंचक्के रह गए। सुमित बोला, 'क्या यह सचमुच में होमवर्क के सवाल हल कर पाएगा?'

'क्यों नहीं!' करम मुस्कुराया। उसने रोबोट को आदेश दिया, 'रेंचो, मुझे होमवर्क में जो सवाल हल करने को मिले हैं, उन्हें करके दो।'

रोबोट शांत खड़ा रहा। जैसे उसने करम की बात सुनी ही न हो। यह देखकर करम के दोस्त मुस्कुराने लगे। करम ने रोबोट को दुबारा आदेश दिया, 'रेंचो, तुमने सुना नहीं? मेरा होमवर्क करो।'

लेकिन रोबोट इस बार भी कुछ नहीं बोला। उसके पेट पर लगी स्क्रीन पर कोई संदेश उभर रहा था, लेकिन करम ने उस पर ध्यान नहीं दिया। उसने गुस्से में रोबोट के गाल पर एक झापड़ रसीद कर दिया।

रोबोट लोहे का बना हुआ था। इसलिए करम का हाथ झन्ना गया। वह हाथ पकड़कर बैठ गया और रोबोट को बुरा-भला कहने लगा। तभी करम के अब्बा वहां आ गए। वह बोले, 'यह क्या कर रहे हो बेटा? तुम अपना गुस्सा रोबोट पर क्यों उतार रहे हो?'

'अब्बा, यह मेरा कहना नहीं मानता।' करम गुस्से में बोला।

अब्बा बोले, 'इसमें इसकी क्या गलती?'

'गलती क्यों नहीं है अब्बा?' करम ने सवाल किया,'मैंने आखिर इसे होमवर्क करने के लिए ही तो बनाया है?'

'हां, पर तुमने सिर्फ एक लोहे का ढांचा बनाया है। अगर तुम चाहते हो कि यह सवाल भी हल करे, तो तुम्हें इसके मस्तिष्क में प्रोग्राम करके गणित के सूत्र भी डालने होंगे और यह एक मुश्किल काम है।' अब्बा ने करम को समझाया।

'यह तो मुश्किल काम है।' करम ने बुझे मन से पूछा, 'इसमें कितना समय लगेगा?'

'इसमें दो-तीन साल भी लग सकते हैं। इसके लिए तुम्हें प्रोग्रामिंग सीखनी होगी, सवालों के सूत्रों को कोड में बदलना होगा, फिर उन्हें रोबोट के मस्तिष्क में...।' अब्बा ने बताया।

करम अब्बा की बात बीच में ही काटते हुए बोला, 'इससे तो अच्छा है कि मैं अपने सवाल खुद ही हल कर लूं।'

तभी करम की आंख खुल गई। यह क्या? क्या वह सपना देख रहा था? हां, वह तो मेज पर सिर रख कर सो गया था। शायद अम्मी के पैरों की आहट सुनकर उसकी नींद टूटी थी।

उसी समय अम्मी वहां आ गईं, बोलीं, 'क्या सोच रहे हो बेटा?'

'ज... जी कुछ नहीं।' करम चौंकते हुए बोला और फिर सवाल सॉल्व करने में व्यस्त हो गया। *

कविता

अखिलेश श्रीवास्तव 'चमन'

मानव शरीर

भैया यह मानव शरीर है
चलती-फिरती मशीन।
भांति-भांति के लगे हैं पुर्जे
काम हैं जिनके बड़े महीन।
जैसे भवन बना करते
ढेरों ईंटों के मेल से।
वैसे बना शरीर हमारा
छोटे-छोटे सेल से।
पेट हमारी भट्ठी जिसमें
खाद्य पदार्थ जला करते।
अम्ल, क्षार और रस में घुलकर
हर कोशिका को मिला करते।
जैसे कि पंपिंग मशीन
हर घर में जल पहुंचाता है।
वैसे ही सारे अंगों में
हृदय रक्त दौड़ाता है।
शोधक यंत्र हमारे गुर्दे
नियमित काम किया करते।
अच्छी चीजें रख लेते और
गंदा फेंक दिया करते।
खोजी यंत्र हमारी आंखें
देतीं दिमाग को हर संदेश।
कंप्यूटर दिमाग निर्णय लेता
देता है अंगों को आदेश।

अंतर बताओ

बच्चों, यहां लैब में एक्सपेरिमेंट कर रहे साइंटिस्ट के एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में 7 अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर बताओ।



उत्तर: 1.पीछे बाईं तरफ रखा बीकर गायब है। 2.अल्कोहल बर्नर नहीं जल रहा है। 3.एर्लेनमेयर फ्लास्क के ऊपर बबल्स निकल रहे हैं। 4.आगे बाईं तरफ रखा जार गायब है। 5.आगे, दाहिनी तरफ टेस्ट-ट्यूब रैक पर एक के बजाय दो टेस्ट-ट्यूब्स रखे हैं। 6.दाहिनी तरफ रखे जार का ढक्कन खुला हुआ है। 7.साइंटिस्ट के चश्मे का फ्रेम डिफरेंट कलर का है।

ढूंढो तो जरा...

बच्चों, दिए गए चित्र में नीचे सोलर सिस्टम और स्पेस रिसर्च से रिलेटेड जुड़े कुछ टर्म्स दिए गए हैं। तुम ऊपर बॉक्सेज में से उन टर्म्स को ढूंढकर बताओ।

O	Y	J	U	A	X	I	K	H	N	S
I	S	H	U	T	T	L	E	C	A	P
W	R	N	G	R	X	B	A	Q	S	A
G	R	A	V	I	T	Y	S	H	A	C
A	T	M	O	S	P	H	E	R	E	E
Y	P	L	A	N	E	T	F	V	D	M
T	C	E	X	P	L	O	R	E	S	E
T	L	A	U	N	C	H	X	N	O	T
J	P	Y	M	C	A	P	S	U	L	E
N	C	Q	X	R	D	P	O	S	A	O
H	F	N	Y	Y	L	G	J	H	R	R

LAUNCH, VENUS, SHUTTLE, PLANET, CAPSULE, ATMOSPHERE, EXPLORE, NASA, GRAVITY, METEOR, SOLAR, SPACE

खबर संक्षेप

स्नेचिंग की वारदात में शामिल तीसरा भी काबू

रोहतक। पुलिस की टीम ने स्नेचिंग की वारदात को हल करते हुए वारदात मे शामिल रहे तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना लाखनमाजरा की ट्रेनी आईपीएस कांची सिंघल ने बताया कि गांव चिडी निवासी जसमत की शिकायत के आधार पर केस दजज्र कर जांच शुरु की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि 18 फरवरी को रात करीब 7:30 बजे जसमत सब्जी बेचकर गांव घरौठी से अपने गांव चिड़ी जा रहा था। जसमत जब चिडी रोड के पास पहुंचा तो तीन युवकों ने बाइक पर सवार जसमत को रुकने का इशारा किया। जसमत के मोटरसाइकिल रोकते ही युवक जसमत की जेब से करीब 10 हजार रुपये निकालकर मौके से फरार हो गए।

सामान्य ज्ञान पर विशेषज्ञ विशेष फोकस करेंगे

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण कार्यालय के तत्वाधान में संचालित यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट फॉर ऑल सर्विसेज 5 मार्च से 27 मार्च तक- सॉफ्ट स्किल्स एंड एसएसबी गाइडेंस प्रोग्राम के छठे बैच का आयोजन करेगा। प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रो. शालिनी सिंह ने बताया कि इस एसएसबी गाइडेंस प्रोग्राम में विद्यार्थियों के संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास, समूह चर्चा, साक्षात्कार कौशल, सामान्य ज्ञान पर विषय विशेषज्ञ विशेष फोकस करेंगे। उन्होंने बताया कि

सेनेटरी नैपकिन के लिए लगाई गई 2 वेंडिंग मशीन

रोहतक। जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरजा कुलवंत कलसन द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉक्टर तरन्नुम खान की मौजूदगी में न्यायिक परिसर में स्वास्थ्य सखी ब्रेकिंग बैरियर्स फॉर मेंस्टुअल हाइजीन अभियान के अंतर्गत ब्लूमिंग डे एनजीओ एवं रोटरी क्लब के साथ सेनेटरी नैपकिन के लिए दो वेंडिंग मशीन लगवाई गई। एक मशीन पुरानी बिल्डिंग तथा एक मशीन नई बिल्डिंग में लगाई गई। इस मौके पर मशीन का डेमो भी दिखाया गया। उन्होंने बताया कि न्यायिक परिसर में 8 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

एनएसएस शिविर में स्वच्छता का संदेश दिया

रोहतक। सत जीन्दा कल्याणा महाविद्यालय में एनएसएस यूनिट एक एवं दो के संयुक्त तत्वाधान एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य सौंदर्यीकरण व स्वच्छता रहा। स्वयंसेवकों ने कॉलेज प्रांगण व कॉलेज के मुख्य द्वार के आसपास सफाई की व पूरे कॉलेज कैम्पस को पालिथीन मुक्त बनाया। रैली निकाल कर आसपास के लोगों को स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे नारों के से जागरूकता का सदेश दिया।

पठानिया प्रिमियम क्रिकेट लीग सीजन-9 में डेजी डायनामाइट्स व रोज राइडर विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पठानिया वल्ड कैम्पस में पीपीएल 9 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा चार व पांच की दस टीमों के 150 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का संचालन मनदीप बुधवार द्वारा किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल को-फाउंडर वर्षा पठानिया द्वारा पहले मैच में टॉस करवाकर किया गया। पहला मैच कक्षा चार डेजी और लीली के बीच खेला गया, जिसमें डेजी ने लीली को हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरा मैच लोट्स और रोज टीम के बीच

खेला गया, जिसमें रोज ने लोट्स को हराया। कक्षा चार का फाइनल मैच ट्यूलिप टाइटंस और डेजी डायनामाइट्स के बीच खेला गया, जिसमें डेजी डायनामाइट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 ओवर में 70 रनों का लक्ष्य दिया, जिसका पीछा करते हुए ट्यूलिप टाइटंस 6 ओवर में मात्र 58 रन ही बना पाई। डेजी डायनामाइटस की तरफ से कार्तिकेय बेस्ट बल्लेबाज, अद्वित बैस्ट ऑल राउंडर कप्तान, अरनव को बैस्ट बॉलर के खिताब से नवाजा गया।

इसी प्रकार कक्षा पांच में पहला सेमी फाइनल ट्यूलिप और लोटस की टीम के बीच खेला गया, जिसमें लोट्स ने ट्यूलिप को 6 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरा सेमी फाइनल मैच रोज और लीली की टीम के बीच खेला गया, जिसमें रोज राइडर ने लीली लीडर्स को रोमांचक मुकाबले में केवल 2 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच रोज राइडर्स और लोट्स लायंस के बीच खेला गया, जिसमें रोज राइडर्स से टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 49 रन बनाए, जिसमें युवराज सांगवान ने 18 गेदों में 34 रन व मोक्ष ने 8 गेंदों में 12 रन आए। लक्ष्य का पीछा करते हुए लोट्स लायंस की टीम ने 46 रन ही बनाए। इस प्रकार रोज राइडर्स ने यह कड़ा मुकाबला मात्र 3 रन से जीता और पठानिया प्रीमियर लीग सीजन 9 पर अपना कब्जा जमाया।

विजेता टीम को दी बधाई

रोज राइडर्स की तरफ से युवराज सांगवान बैस्ट ऑल राउंडर, मोक्ष बैस्ट गेंदबाज, अरनव मलिक को बैस्ट बल्लेबाज के खिताब से नवाजा गया। इस प्रतियोगिता में कामनटेटर की भूमिका मनदीप बुधवार ने निभाई। अम्पायर की भूमिका में सुमित राणा व मनदीप बुधवार रहे। इस अवसर पर स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया, स्कूल को-फाउंडर वर्षा पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उपप्रधानाचार्या सुनीता मोर, मुख्याध्यापिका सुमन राठी, कोर्डिनेटर रजनी गुलाटी, नीरू खुराना ने विजेता टीमों को बधाई दी व बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य खेलों में भाग लेने के लिए बच्चों को प्रेरित किया।

प्रत्येक गृहस्थ के लिए पंच महायज्ञ करना अनिवार्य : बहन पूनम आर्या

चंद्रशेखर आजाद राष्ट्रीय आंदोलन के महानायक थे: स्वामी आर्यवेश

आर्य समाज देवी-देवताओं का नहीं अपितु इन पर लगाये गये मिथ्या आरोपों का खंडन करता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बेटी बचाओ अभियान एवं सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 18वें बेटी बचाओ चतुर्वेद पारायण महायज्ञ में बुधवार को सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली के प्रधान स्वामी आर्यवेश ने शहीद-ए-आज़म चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर अपने विचार रखते हुए कहा कि चंद्रशेखर आजाद राष्ट्रीय आंदोलन के महानायक थे। उन्होंने जहां अपनी आहुति इस देश की आजादी के लिए दी वहीं युवाओं को आजादी के आंदोलन में अपने जीवन की आहुति देने के लिए प्रेरित किया। आज उनका नाम इतिहास के स्वर्णिम पन्नों पर लिखा हुआ है। हम पूरे आर्य जगत की ओर से उनको श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

परमात्मा के उपकारों का स्मरण करके उसके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना, उसके गुणों - दया, परोपकार, न्यायादि को जीवन में धारण करने के लिए ब्रह्म यज्ञ करना, प्राकृतिक पर्यावरण को ठीक रखने के लिए देवयज्ञ, माता-पिता की सेवा के लिए पितृयज्ञ आने वाले विद्वानों की सेवा के लिए अतिथि यज्ञ तथा अन्य प्राणियों की रक्षा के लिए बलिवैश्व देवयज्ञ करना चाहिए। यह ऋषि दयानंद का सन्देश है। कार्यक्रम में स्वामी सोमानंद, स्वामी सूर्यवेश, अजयपाल आर्य, प्रीति आर्या, एकता आर्या, अंकिता आर्या, राजबीर वशिष्ठ, पूजा आर्या आदि उपस्थित रहे।

आर्य समाज देवी-देवताओं का नहीं अपितु इन पर लगाये गये मिथ्या आरोपों का खंडन करता है

चतुर्वेद पारायण महायज्ञ के ब्रह्मा स्वामी वेदप्रकाश ने कहा कि आर्य समाज देवी-देवताओं का नहीं अपितु इन पर लगाये गये मिथ्या आरोपों का खंडन करता है। महिला सत्संग में अपने विचार रखते हुए सार्वदेशिक आर्य युवती परिषद की राष्ट्रीय अध्यक्षा बहन प्रवेश आर्या ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक गृहस्थ के लिए पंच महायज्ञ करना अनिवार्य दैनिक कर्म है।

महेंद्र कौर को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्वर्गीय महिंदर कौर की पुण्यतिथि (5वीं बरसी) पर एमएनए स्कूल कुताना में हवन का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और परिवार के सदस्यों ने मिलकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। यज्ञ के ब्रह्म कृष्ण देव शास्त्री आर्य समाज बोहर रहे।

यजमान संस्थापक सदस्य रविंदर सिंह नांदल (बब्लू) सहित परिवार के अन्य सदस्य सुकमिंदर सिंह नांदल, रघुविंदर सिंह नांदल, सतविंदर सिंह नांदल, धीरेंद्र नांदल, आदित्य नांदल और अन्य परिजन रहे। इस मौके पर त्रिप्ता नांदल व उर्मिल नांदल, गीता नांदल व स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने जीवन में महान बनने का संकल्प लिया। छात्रों ने आहुति डालकर जीवन भर नशा न करने का संकल्प लिया। रविंद्र एडवोकेट ने कहा कि स्वर्गीय महेंद्र कौर एक सामाजिक महिला थी, उन्होंने ही स्कूल का लंबे समय तक संचालन किया। सभी ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

कैंपस स्कूल में विश्व सतत ऊर्जा दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की एनवायरमेंट सस्टेनेबिलिटी सेल व पर्यावरण विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वीरवार को यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल में विश्व सतत ऊर्जा दिवस मनाया गया।ईएसएम सेल कोऑर्डिनेटर प्रो. विनीता हुड्डा तथा पर्यावरण विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. जेएस लौरा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। प्रो. जितेंद्र लौरा ने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए प्राकृतिक संसाधनों को बचाने का संदेश दिया। कैंपस स्कूल की शिक्षिका रीना ने

प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया।इस कार्यक्रम में पर्यावरण व ऊर्जा संरक्षण से संबंधित पोस्टर मेकिंग व स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। पोस्टर मेकिंग में प्रेशियस ने पहला, सृष्टि ने दूसरा, लक्ष्या ने तीसरा व वैभव सिंह ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। स्लोगन राइटिंग में अनन्या ने प्रथम, चंचल ने दूसरा, सौरभ ने तीसरा तथा पुनीत ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। डा. सुदेश रानी और डॉ. गोविंद सिंह ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। इस अवसर पर डॉ. मीनाक्षी नांदल, डॉ. गीता, डॉ. बबीता, डॉ. सुनील यादव व कैंपस स्कूल के इंचार्ज विवेक कौशल, गुलशन कुमार, के एस राठी समेत अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

भारत निर्वाचन आयोग की 4 व 5 मार्च को होगी कांफ्रेंसः उपायुक्त

रोहतक। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 4 व 5 मार्च को नई दिल्ली में भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र संस्थान एवं चुनाव प्रबंधन विषय पर दो दिवसीय कांफ्रेंस आयोजित की जाएगी। धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा पद ग्रहण करने के उपरांत यह पहली कॉन्फ्रेंस होगी। इस कांफ्रेंस में सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी भाग लेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी व निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी को भी संबंधित मुख्य निर्वाचन अधिकारी को कांफ्रेंस के लिए नामित करने के लिए हिदायतें दी गई है। राज्य, जिला व विधानसभा स्तरों पर उपरोक्त की महत्वपूर्ण भूमिका है।

कमल खिलेगा और मैं सेवादार के रूप में रोहतक की जनता की सेवा करूंगा : राम अवतार वाल्मीकि

रोहतक। भारतीय जनता पार्टी से मेयर पद के प्रत्याशी राम अवतार वाल्मीकि के समर्थन में जगह-जगह जनसभाएं हो रही हैं। जनता का रुख भी भाजपा के पक्ष में है। राम अवतार वाल्मीकि ने कहा कि जहां भी जनसंपर्क के लिए जाते हैं, वहां का महौल देखकर दावा करता हूं कि इस बार भी नगर निगम में कमल खिल रहा है। राम अवतार वाल्मीकि ने जनता को विश्वास दिलाया कि हमेशा सेवादार की तरह जनता की सेवा करूंगा। रोहतक को चमकाने में कसर नहीं रहने दी जाएगी। राम अवतार वाल्मीकि को हर जगह भरपूर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने बृहस्पतिवार को रोहतक के हनुमान मंदिर के सामने गांव बलियाणा, रैनकपुरा चौपाल, रोहतक वार्ड-4, सैनी पुरा शिव मंदिर आदि दर्जनों जगहों पर जनसंपर्क किया।

जनता से किए हर वादे को पूरे करेंगे

- अशोक चौक पर बंद सड़कों को खोलेंगे, जाम से निजात दिलवाएंगे
- आधुनिक बस स्टैंड का निर्माण करवाएंगे, विश्व स्तरीय सुविधाएं होंगी
- निर्मल रोहतक अभियान शुरू करेंगे, वार्डों में स्टील के कूड़ेदान लगाएंगे
- आधुनिक बस स्टैंड का निर्माण करवाएंगे, विश्व स्तरीय सुविधाएं होंगी

कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने किया प्रचार

हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने रामअवतार वाल्मीकि के समर्थन में वार्ड- 20 व 21 के गांव कन्हैली, महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, सुरेश प्रधान फार्म हाउस, सतगामा खाप चबूतरा, वार्ड 9 के गांव सुनारिया, लाढौत रोड पर जनसंपर्क किया।

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय आयोजित कार्यक्रम मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी।

संवादात्मक सत्र और व्यावहारिकता की जानकारी दी

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कॅरियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट सेल (सीसीपीसी) ने द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टेरी) के सहयोग से वीरवार को इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च (आईएमएसआर) में एक व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में टेरी के विशेषज्ञों द्वारा कई संवादात्मक सत्र और व्यावहारिक जानकारी दी गई, जिससे विद्यार्थियों को उद्योग-उन्मुख ज्ञान और कौशल प्राप्त हुआ। इमसार निदेशक प्रो. सत्यवान बरोदा ने प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया। सीसीपीसी निदेशिका प्रो. दिव्या मल्हान ने आभार जताया। उप निदेशक सीसीपीसी डॉ. अमन वशिष्ठ व डॉ. सौरभकांत ने कार्यक्रम आयोजन, संचालन एवं समन्वयन में सहयोग दिया। इस अवसर पर इमसॉर के प्राध्यापक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

एमडीयू यूनाइटेड किंगडम के साथ कौशल विकास सहभागिता के लिए कार्य करेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय भविष्य में सिटी ऑफ ग्लास्गो कालेज स्कॉटलैंड, यूनाइटेड किंगडम के साथ संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रम तथा कौशल विकास सहभागिता के लिए कार्य करेगा। आज इस संबंध में उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह की अध्यक्षता में किया गया।एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इस अवसर पर कहा कि एमडीयू तथा सिटी ऑफ ग्लास्गो कालेज के मध्य भविष्य में एमओयू किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों के कौशल विकास तथा कैपेसिटी बिल्डिंग का रास्ता प्रशस्त हो सके। कुलपति ने कहा कि विशेष रूप से कुलीनरी स्टडीज,

पब्लिक हेल्थ साइंसेज, साइकोलॉजी तथा मेंटल वेल बीइंग विषयों में संयुक्त कार्यक्रम एवं सहभागिता की बेहतरीन संभावनाएं हैं।

खेल प्रतियोगिता इंटर हॉस्टल बॉयज वार्षिक प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

खेल इंसान को शारीरिक और मानसिक तौर पर स्वस्थ रखते हैं:राजबीर सिंह

वीसी खेल परिसर में तीसरी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जीवन में सबसे बड़ा धन निरोगी काया है। विद्यार्थी हेल्थ और फिटनेस पर ध्यान दें। यह कहा है महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने। वीसी वीरवार को खेल परिसर में तीसरी इंटर हॉस्टल बॉयज वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ कर रहे थे। मुख्यातिथि कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने विद्यार्थियों से खेल को अपनी दिनचर्या का अहम हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक

रोहतक। इंटर हॉस्टल बॉयज वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करते अतिथि।

और मानसिक तौर पर स्वस्थ रखते हैं। स्वस्थ जीवन शैली के लिए विद्यार्थी खेल से जुड़े। विद्यार्थियों से नशे से दूर रहकर खेल मैदान से जुड़ने का आह्वान कुलपति ने किया। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने हेल्थ इज वेल्थ का मूल मंत्र देते हुए विद्यार्थियों से अपनी सेहत और तंदुरुस्ती का ख्याल रखने की बात कही। विद्यार्थियों से खुद को स्वस्थ रखने और अपने आस पास के लोगों और वातावरण को स्वस्थ बनाए रखने की बात कुलपति ने कही।

ये रहे मौजूद

चीफ वार्डन बॉयज प्रो. सत्यवान बरोदा ने प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया और इस खेलकूद प्रतियोगिता की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस इवेंट में विद्यार्थी 7 खेल स्पर्धाओं में भाग लेंगे। खेल निदेशक प्रो. रणदीप राणा ने जीवन में खेलों की महत्ता से अवगत करवाया। उन्होंने विश्वविद्यालय में उपलब्ध खेल सुविधाओं बारे बताया। वार्डन डॉ. कर्मवीर श्योकंद ने मंच संचालन किया। आभार प्रदर्शन एडिशनल चीफ वार्डन प्रो. सुधीर ने किया। इस अवसर पर खेल निदेशक प्रो. रणदीप राणा, चीफ वार्डन बॉयज प्रो. सत्यवान बरोदा, एडिशनल चीफ वार्डन बॉयज प्रो. सुधीर, डिप्टी डायरेक्टर स्पोर्ट्स डॉ. शकुंतला बेनीवाल, खेल प्रशिक्षक समेत बॉयज हॉस्टल्स के वार्डन, सुपरवाइजर, स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

रिसर्च की बारीकियों से अवगत करवाया

रोहतक। पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग में रिसर्च मेथडोलॉजी विषय पर दो-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को मुख्य वक्ता डॉ. मनोज कुमार ने एमकॉम के विद्यार्थियों को रिसर्च की बारीकियों से अवगत करवाया। इस मौके पर डॉ. सतीश खासा, डॉ. कृष्ण परूथी, डॉ. संदीप चहल, डॉ. सविता, डॉ. नेहा, डॉ. ज्योति सहित अन्य उपस्थित रहे।

हमें अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए: प्राचार्य

रोहतक। पंडित नेकीराम शर्मा महाविद्यालय में नगर निगम चुनावों के प्रति छात्रों में जागरूकता बढ़ाने और मतदान के महत्व को समझाने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस मौके पर पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन और वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्राचार्य डॉ. लोकेश बलहारा ने छात्रों को लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान के महत्व को समझाया और कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में हमें अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने रचनात्मक पोस्टर, विचारशील निबंध और प्रभावशाली तर्क-वितर्क के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। विजेता छात्रों को सम्मानित किया गया।

TIMES INTERNATIONAL SCHOOL
Kisrenti (Rohtak)
M. 9050403132, 9813030386
STAFF REQUIRED
•PRT-5
•TGT- Maths, Eng, Hindi, S.St., Science
•PGT- English, Maths Geography
•DPE
FLUENCY IN ENGLISH WILL BE MUST
WALK IN INTERVIEW On 2 March (Sunday) between 11:00 a.m. to 3:00p.m.
At PILANIA CLASSES
Rajiv Gandhi Stadium Road, Near New Bus Stand, Rohtak
along with your latest CV & documents

खबर संक्षेप

प्रतियोगिता में विजेताओं को किया सम्मानित

सांपला। कस्बे के राजकीय महाविद्यालय गुरुवार को महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में मटकी डेकोरेशन, दीया डेकोरेशन और वॉल हैंगिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ परम भूषण आर्य ने किया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं में भाग लेकर छात्राएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकती हैं। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर आशा ने भी छात्राओं को इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। मटकी प्रतियोगिता में M.A. हिंदी प्रीवियस से अंकिता प्रथम, बीए प्रथम वर्ष से काजल द्वितीय और बीए प्रथम वर्ष से करुणा तृतीय स्थान पर रही। दीया डेकोरेशन प्रतियोगिता में M.A. ज्योग्राफी प्रीवियस से शशि प्रथम रही।

साइबर क्राइम से सुरक्षित रहने के तरिके बताए

रोहतक। वैश्य महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के छठे दिन स्वयंसेवकों ने एनएसएस शिविर के महत्व पर अपने-अपने विचार रखे। डॉ. वीरेंद्र खुराना ने साइबर सुरक्षा पर विस्तृत व्याख्यान दिया और समझाया कि बढ़ते साइबर क्राइम से अपने और अपने सगे संबंधियों को किस तरीके से सुरक्षित रख सकते हैं। इसके बाद स्वयंसेवकों ने कॉलेज के स्टेडियम का दौरा किया। वहां पर शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रो. पुरुषोत्तम बंसल ने स्वयंसेवकों को आसन और प्राणायाम करवाया। आकाशवाणी के निदेशक यज्ञदत्त मिश्र ने स्वयंसेवकों को अपने आप में आत्मविश्वास विकसित करना व अपने व्यक्तित्व को निखारना आदि विषयों पर चर्चा की। प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने उज्जवल भविष्य की कामना की व भविष्य में इस प्रकार के शिविर में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

एमडीयू डैफेटेरिया राष्ट्रपति भवन पर्पल फेस्ट में आमंत्रित

- डैफेटेरिया बस्टॉरेंट (बस + रेस्तरां) के रूप में किया गया था डिजाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की अनूठी पहल फूड ट्रक स्टार्टअप 'डैफेटेरिया' को राष्ट्रपति भवन के पर्पल फेस्ट में आमंत्रित किया गया है। आईएचटीएम निदेशक प्रो. आशीष दहिया ने इस संदर्भ में भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय का निमंत्रण पत्र औपचारिक रूप से आज कुलपति प्रो. राजबीर सिंह को सौंपा। उल्लेखनीय है कि एमडीयू के सेंटर फॉर इनोवेशन, इनक्यूबेशन और एंटरप्रेन्योरशिप में इनक्यूबेट किए गए डैफेटेरिया आइडिया एमडीयू एलुमनी पद्माजय का था और इसे बस्टॉरेंट (बस + रेस्तरां) के रूप में डिजाइन किया गया था। जिसमें एक डबल-डेकर फूड ट्रक जिसमें ग्राउंड फ्लोर पर एक लाइव किचन और ऊपरी डेक पर 21-सीटर, वातानुकूलित डाइनिंग स्पेस है।

कुलपति ने प्रसन्नता व्यक्त की

कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इस राष्ट्रीय सम्मान पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि डैफेटेरिया नवाचार और सामाजिक उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एमडीयू की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। राष्ट्रपति भवन के पर्पल फेस्ट में इसकी उपस्थिति इसके प्रभाव और मापनीयता का प्रमाण है। हम ऐसे अग्रणी पहलों का समर्थन करने के लिए समर्पित हैं जो वास्तविक परिवर्तन लाते हैं। इस अवसर पर डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस मान, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत, डीएसडब्ल्यू प्रो. रणदीप राणा, डीन सीडीसी प्रो. विनीता हुड्डा, चीफ वार्डन बॉयज प्रो. सत्यवान बरोदा, चीफ कंसल्टेंट आउटरीच प्रो. राजकुमार, सीआईआईई के निदेशक प्रो. राहुल ऋषि, इस अनूठी पहल को क्रियान्वित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले युवा उद्यमी साहिल सहारण और मंदीप फौगाट उपस्थित रहे।

भीड़ ने व्यक्ति की पिटाई की

सांपला। गुरुवार की सुबह एक व्यक्ति द्वारा छोटी बच्ची को बुरी नियत से पकड़ लिया। इसकी वजह से लोगों ने व्यक्ति की पिटाई कर डाली। पुलिस मौके पर पहुंची और व्यक्ति को अपने साथपुलिस चौकी ले गई। सुबह करीब 11:00 मे छोटू राम पार्क में एक व्यक्ति एक छोटी बच्ची को लिए पार्क में देखा गया। ऐसा देखकर लोगों ने आरोप लगाया कि व्यक्ति ने बच्ची को बुरी नियत से पड़ा हुआ था। ऐसा सुनकर आसपास के दुकानदार इकट्ठे हो गए और व्यक्ति को पड़कर पिटाई कर दी। इसमें कई महिलाएं भी मौके पर पहुंच गई। काफी संख्या संख्या में लोग सड़क पर इकट्ठे हो गए। किसी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची उन्हें पकड़ कर चौकी में ले गए।

भैयापुर-मकड़ौली कलां में चलाया अभियान

18 एकड़ में विकसित की जा रही तीन अवैध कॉलोनी तोड़ी

कच्चा रोड नेटवर्क, एक निर्माण और 12 नींव को किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला में नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्र में अवैध निर्माण, कॉलोनियों के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिला नगर योजनाकार द्वारा गांव भैयापुर व मकड़ौली कलां में लगभग 18.5 एकड़ भूमि में विकसित की जा रही 3 अवैध कॉलोनियों को प्रशासन ने तोड़ दिया। डीसी धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि आज इस अभियान के दौरान तीन अवैध कॉलोनियों में बनाए गए कच्चा रोड नेटवर्क, एक निर्माण और 12 नींव को तोड़ा गया। जिला में यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। नागरिक अपनी जमा पूंजी को अवैध निर्माण या कॉलोनी में निवेश न करें।

चिन्हित कॉलोनियों में न करें खरीद-फरोख्त

जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न राजस्व संपदाओं में चिन्हित की गई 86 अवैध कॉलोनियों में किसी तरह का खरीद-फरोख्त न करें। इस अभियान में जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारियों के अलावा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा। जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों में या डीलर, भू-मालिकों के द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें क्योंकि इस तरह की विभागीय कार्यवाही समय-समय पर प्रशासन द्वारा अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा है कि आमजन अपनी पूंजी को निवेश करने से पहले उनके कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर पूछताछ कर सकते है।

भाटिया हाई स्कूल का वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह मनाया

- विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एकता कॉलोनी स्थित भाटिया हाई स्कूल का वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। जिसमें झज्जर रोड स्थित बीटी इंटरनेशनल स्कूल और भाटिया हाई स्कूल के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने हरियाणवी, पंजाबी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर समां बांधा। बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों में सोशल मीडिया एक्ट के माध्यम से समझाया गया कि आज का बच्चा कैसे इंस्टा, व्हाट्सएप, फेसबुक की लत में आकर भटकता जा रहा है। एक अन्य प्रस्तुति ओल्ड एज होम ने वहां बैठे सभी लोगों को भाव विभोर कर दिया, कि कैसे वृद्ध आश्रम में बूढ़े मां-बाप को भेजा जाने लगा है। वहीं अंधेर नगरी चौपट राजा कॉमेडी नाटक के मंचन ने लोगों को खूब हंसाया। अभिभावकों ने बच्चों के प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाटिया हाई स्कूल के प्रबंधक सुमित चावला ने की। स्कूल प्रिंसिपल गीतू चावला ने कार्यक्रम में प्रतिभागी सभी बच्चों को पुरस्कार वितरित किए। इस मौके पर इंडियन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सतीश्वरदत्त वत्स, आरएस एकेडमी के संचालक भगवान शर्मा, स्कूल कोऑर्डिनेटर राकेश, अमृता शर्मा, प्रीति जांगड़ा, अरुणा जिंदल,आंचल वाधवा, पूनम, मीनू, रीना, रजनी, सुषमा, रितिका, निर्मला, सीता, श्वेता, निशा, मंजू ,नेहा, गीता, प्रीति, अन्नू, काजल, योगिता, रानी बबीता, सपना आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर विस्तृत व्याख्यान का आयोजन

रोहतक। राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय के अंग्रेजी साहित्य परिषद द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. दर्शना देवी द्वारा की गई। डॉ. पुष्पदीप डाग, प्रभारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सभी स्वरूपों से अवगत कराया। डॉ. डागर ने शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम एवं मूल्यांकन संबंधी सुधारों के बारे में बच्चों को बताया। वह कोई भी कॉम्पिटेटिव एग्जाम्स की तैयारी कर सकते हैं। प्राचार्य डॉक्टर दर्शना द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति संबंधी बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर डॉ. सुरेश, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. रेनू हुड्डा, डॉ. नीति डॉ. दीक्षा, डॉ. सुषमा, डॉ. सोनू आदि मौजूद रहे।

परीक्षा तैयारी की रणनीति के बारे में बताया

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी (सीएमबीटी) में आज उद्देश्यपूर्ण तरीके से जीवन कैसे जिएं विषय पर एक विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्रिगेडियर हरबीर सिंह (सेना मेडल) ने बतौर मुख्य वक्ता यह प्रेरणादायी व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने अनुभव और मार्गदर्शन साझा करते हुए विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने परीक्षा की तैयारी की रणनीति, लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन और आत्म-संदेह पर काबू पाने जैसे आवश्यक पहलुओं को अपने प्रभावी संबोधन में रेखांकित किया। सिंह ने साक्षात्कार तकनीकों, मनोवैज्ञानिक परीक्षणों और साक्षात्कार के दौरान संयम बनाए रखने के महत्व के बारे में गहन जानकारी प्रदान की।

वेबसाइट के प्रयोग का तरीका सिखाया

- वैश्य तकनीकी संस्थान में तकनीकी कौशल विकास पर विद्यार्थियों का प्रशिक्षण करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वैश्य तकनीकी संस्थान में तकनीकी कौशल विकास पर विद्यार्थियों का प्रशिक्षण करवाया गया। जिसमें सीएसआर बॉक्स की एसोसिएट मैनेजर रिया थप्पडियाल द्वारा 90 ऑनलाइन कोर्स के बारे में जानकारी दी गई, जिसके जरिए वे विभिन्न प्रकार के कौशल विकास संबंधी निशुल्क प्रशिक्षण ले सकते हैं। इस कार्यशाला में सभी विभागों से 210 छात्रों तथा संस्थान के शिक्षकों ने भाग लिया। प्राचार्य संजीव गुप्ता तथा कार्यक्रम संयोजक राजन सरीन ने अतिथियों का अभिनंदन किया। टीपीओ राजन सरीन ने विद्यार्थियों को कम्यूनिकेशन स्किल के प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया एवं नौकरियों के लिए किस प्रकार आवेदन देना चाहिए इस पर भी चर्चा की। मुख्य वक्ता रिया ने आईबीएम स्किल बिल्ड ओरियंटेशन सैशन के दौरान वेबसाइट के प्रयोग का तरीका सिखाया। वैश्य शिक्षण संस्थान के उप प्रधान दीपक जिंदल ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाओं से विद्यार्थियों को बहुत लाभ होगा।

प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं में तकनीकी कुशलताओं का विकास करना

प्राचार्य संजीव गुप्ता ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं की तकनीकी कुशलताओं का विकास करना एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। मीडिया प्रभारी डॉ. कंचन बाला ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर डॉ. पवन गर्ग, तनु श्री, अमित शर्मा, पूजा त्यागी, शालू गर्ग, पारूल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

महिलाएं पूरी तरह से सशक्त बनें: डॉ. अंकिता

हरिभूमि न्यूज. रोहतक

- पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन

पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में वीरवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ प्रकोष्ठ के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय सांपला की प्रोफेसर अंकिता बेनीवाल मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुई। डॉ. अंकिता ने अपने वक्तव्य संबोधन में "लोकप्रिय संस्कृतिक माध्यम से महिलाओं की बदलती छवी "विषय अपने विचार रखे । डॉ. अंकिता ने छवि पुस्तिकाओं व पत्रिकाओं के माध्यम से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्होंने बताया कि लोकप्रिय संस्कृति ने भारतीय महिलाओं को पारंपरिक सीमाओं से निकालकर आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया है । प्राचार्य डॉ. लोकेश बल्हारा ने विधार्थियो को संबोधित करते हुए बताया कि बदलते सामाजिक परिवेश में स्वयं के व्यक्तित्व को संतुलित रखने कि ज़िम्मेदारी हमारी स्वयं की है।

लोकप्रिय संस्कृति समाज के मूल्यों को प्रभावित करने में अहम भूमिका निभाती

कार्यक्रम में प्रो. रेनू राना ने बताया कि लोकप्रिय संस्कृति किसी भी समाज की सोच विचारधारा और मूल्यों को प्रभावित करने में अहम भूमिका निभाती है भारत में सिनेमा ,टेलीविजन ,विज्ञापन, सोशल मीडिया और साहित्य ने महिलाओं की छवि को समय-समय पर बदलने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है इस समारोह का आयोजन महिला प्रकोष्ठ की संयुक्त क प्रोफेसर रेनू राना ने किया इस अवसर पर डॉ. अनिल खटकड़ ,डॉक्टर सुरेंद्र संगवान ,डॉ. रामपाल ,डॉ. प्रवीण ,पूजा प्रतिभा अरुण सकीना निधि अर्चना पंकज वह सभी महिला प्रकोष्ठ के सदस्य मौजूद रहे!

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5×8 सें.मी 10× 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

समाधान शिविर बोर्ड की परीक्षा में बैठने की अनुमति की गुहार लगाने वाली छात्रा को दिलवाया रोल नंबर

लंबित फीस व अन्य भुगतान की वजह से कोई विद्यार्थी परीक्षा से न रहे वंचित : एडीसी नरेंद्र

अभिभावक भी समय पर स्कूल फीस इत्यादि का करें भुगतान, ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों के पुलिस करे चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ।

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने समाधान शिविर में बोर्ड की परीक्षाओं में बैठने की अनुमति दिलवाने की गुहार लेकर पहुंची छात्रा अंजली की शिकायत की सुनवाई करते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे छात्रा को बोर्ड परीक्षा में बैठने की अनुमति दिलवाएं। जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छात्रा को संबंधित निजी विद्यालय से रोल नंबर उपलब्ध करवाया तथा बोर्ड परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई।

नरेंद्र कुमार स्थानीय लघु सचिवालय स्थित वीडियो कांफ्रेंस सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने छात्रा के अभिभावकों को निर्देश देते हुए कहा कि वे संबंधित विद्यालय के लंबित फीस आदि का भुगतान भी करवाए। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे यह सुनिश्चित करें कि कोई भी विद्यार्थी लंबित फीस इत्यादि की वजह से परीक्षा में बैठने से वंचित न रहें। उन्होंने समाधान शिविर में कंप्यूटर पर टाइप करवाकर शिकायत प्रस्तुत करने पर शिकायतकर्ता को कहा कि वे केवल साधारण कागज पर हाथ से अपनी शिकायत को लिखकर लाए। समाधान शिविर में किसी भी नागरिक को किसी तरह का न तो एफीडेवट लाने की आवश्यकता है और न ही शिकायत को कंप्यूटर से टाइप करवाकर लाने की जरूरत है।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता बलविंद्र नैन, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी, जिला कल्याण अधिकारी रेनू सिसोदिया, पुलिस निरीक्षक सुरेंद्र व सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह, जिला परिवार कल्याण अधिकारी सुरेश भारद्वाज सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

वेदपाल राठी ने समाधान शिविर की पहल के लिए मुख्यमंत्री का किया आभार व्यक्त

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने स्थानीय शहर निवासी वेदपाल राठी की शिकायत की सुनवाई करते हुए पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बिना अनुमति वाहनों पर डीजे आदि लगाकर ऊंची आवाज में संगीत बजाने वाले वाहनों के ध्वनि प्रदूषण के चालान करें। पुलिस विभाग द्वारा पहले ही इस संदर्भ में आदेश जारी किए गए हैं कि कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति ट्रैक्टर व अन्य वाहन पर ऊंची आवाज में संगीत नहीं बजाएंगे। शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री नायब सिंह की समाधान शिविर की नई पहल पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा एक छत के नीचे समाधान शिविरों में नागरिकों की शिकायतों का बखूबी निपटारा किया जा रहा है।

आवश्यक कार्रवाई के दिए निर्देश

नरेंद्र कुमार ने समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को लंबित शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा करने के निर्देश दिए। उन्होंने परिवार पहचान पत्र में वार्षिक आय को कम करने से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा उनकी वार्षिक आय की जांच करवाकर इसे दुरुस्त करवाया जाएगा। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग, नगर निगम तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन द्वारा समाधान शिविरों में प्राप्त हो रही शिकायतों के निपटारे की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।